# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 08 मार्च, 2021

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 23**

----

### पथ की मरम्मती

*194 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के डुमरी कटसरी प्रखण्ड के नया गांव से पूर्वी चम्पारण के परसौनी, फेनहारा, कोदरिया सुगा पिपर होते हुए पताही तक आने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

### ई- किसान भवन का निर्माण

*195 **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2008 में राज्य के सभी 534

प्रखण्डों में ई-किसान भवन का निर्माण कर एक ही छत के नीचे किसानों को सारी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि जिन प्रखण्डों में ई-किसान भवन का निर्माण किया गया है वहाँ आधारभूत सुविधाओं की काफी कमी है तथा बहुत सारे प्रखण्डों में भवनों का निर्माण नहीं हो पाया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार प्रखण्डों में बने ई-किसान भवनों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शेष बचे प्रखण्डों में ई-किसान भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

*196 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनबरसा प्रखंड के सोनबरसा से राजबाड़ा, फकड़िया, मुजौलिया तथा पकड़िया से लालबंदी दरबार- सहोहरवा तक की सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक इन सड़कों का जीर्णोद्धार करना चाहती है ?

----

## एप्रोच रोड का निर्माण

*197 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के अगमकुंआ में विगत कई वर्षों पूर्व आर.ओ.बी. का निर्माण हुआ, किन्तु एप्रोच रोड तुलसी मंडी, पटना सिटी आर.ओ.बी. के मुहाने पर स्थानीय निवासियों के आवासित होने के कारण समाप्त कर दिया गया है, जब कि एन.एम.सी.एच. एवं शीतला माता मंदिर की ओर एप्रोच रोड चालू है ;

(ख) क्या यह सही है कि अगमकुंआ आर.ओ.बी. के तुलसी मंडी मुहाने पर एप्रोच रोड के निर्माण हेतु आवासितों के जमीन-मकान का मुआवजा दिया जा चुका है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अगमकुंआ

आर.ओ.बी. के तुलसी मंडी मुहाने पर एप्रोच रोड बनाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, और नहीं तो क्यों ?

----

## जल निकासी की व्यवस्था

***198 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कई स्थानों पर कृषि योग्य भूमि पर स्थायी जलजमाव रहने एवं खेती-किसानी नहीं होने से भूस्वामियों को आर्थिक लाभ नहीं मिल पाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक राज्य सरकार द्वारा उक्त प्रकार की भूमि को राज्य स्तर पर चिन्हित नहीं किया गया है जिसके कारण समस्या ज्यों-की-त्यों है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा योजना के तहत वैसे जलजमाव वाले क्षेत्रों से नहर का निर्माण अथवा नाला का निर्माण कराकर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***199 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के डुमरिया प्रखण्ड के पंचायत-कोल्हुबार, ग्राम-माड़र में मुख्य पथ से हुसैनी भुइयां के घर तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## एक्सप्रेस-वे का निर्माण

***200 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रेटर पटना की यातायात व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होने वाले दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड (एक्सप्रेस-वे) 24 किमी बनाने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना को बिहटा एयरपोर्ट से सीधा और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए इसे खासतौर पर बनाया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि इस एक्सप्रेस-वे पर गाडि़यां चढ़ने के लिए चार जगहों पर रैम्प बनाया जाएगा, 2245 करोड़ वाला यह प्रोजेक्ट तीन वर्षों में बनेगा ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड (एक्सप्रेस-वे) का टेंडर कराना चाहती है ?

----

## दोषी संवेदक पर कार्रवाई

*201 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिले के प्रखंड चकाई के पैकेज नंबर MR.N-09 गोपी डीह मोर से लेदवारा सड़क का कार्य कुछ दिन पहले कराया गया, आज वह सड़क काफी जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि गोपी डीह मोर से लेदवारा पथ की जांच करा कर मरम्मती कार्य कराना चाहेंगे ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी संवेदक पर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

*202 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत बनियापुर प्रखंड के मनिकपुरा गेट से बिन्दालाल रामपुर बाजार तक तथा मांझी प्रखंड के मचरहियां से वनवार मेन रोड तक सड़क काफी जर्जर हो गयी है ;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क की जर्जरता के कारण उक्त स्थानों पर प्रतिमाह

दुर्घटना घट रही है तथा वाहनों के खराब होने से सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पशु स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

***203 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पाँकड़ के ग्राम पाँकड़ में पशु स्वास्थ्य केंद्र का होना आवश्यक है ;

(ख) क्या यह सही है कि पशु स्वास्थ्य केन्द्र आस-पास नहीं होने के कारण मवेशियों के इलाके में कठिनाई होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड 'क' में वर्णित ग्राम पाँकड़ में सरकार द्वारा पशु स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक करा दिया जाएगा, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

***204 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत साहेबपुर कमाल प्रखंड स्थित आहो घाट पुल बनकर तैयार हो चुका है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच पथ नहीं बनने के कारण पुल लोकोपयोगी नहीं हो पा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि एप्रोच पथ नहीं बनने के कारण बरसात के दिनों में पुल से आवाजाही बंद हो जाता है एवं विष्णुपुर आहोक पंचायत का सम्पर्क प्रखंड एवं जिला कार्यलय से टूट जाता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के एप्रोच पथ का शीघ्र निर्माण कराना चाहती है यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नाली निर्माण

*205 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन प्रखंड की बेहरावां पंचायत के ग्राम-मंझौली में श्री विजय मालाकार के घर से श्री इन्द्रदेव प्रसाद के घर तक पक्की नाली का निर्माण किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि नाली का निर्माण होने के बाद नाली को ढक्कन से नहीं ढंका गया जिसके कारण नाली में गिरने से कई व्यक्तियों को चोटें आई हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्मित नाली को ढंकने का कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बकाये राशि का भुगतान कबतक

*206 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार द्वारा कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान दिया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के ग्राम चमारीपट्टी, पो. फुलवरीया के श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय, पिता-स्व. बबुना पाण्डेय ने हारवेस्ट कम्पाइण्ड खरीदने हुतु अनुदान के लिए आवेदन दिया था जिस पर विभाग के द्वारा परमिट संख्या 1766/CHISPGE/2017/000001, दिनांक- 16.02.2018 से स्वीकृति दी गई है ;

(ग) क्या यह सही है तीन साल बीत जाने के बावजूद भी 4 लाख रुपये अनुदान की राशि आवेदक को नहीं दी गई ;

(घ) क्या यह सही है कि इस तरह के कई अनुदान लेने वाले व्यक्तियों के अनुदान की राशि विभाग ने लटका रखी है ;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय सहित

जिले के सभी अनुदान लेने वाले की बकाये राशि का भुगतान सरकार कबतक करेगी, नहीं तो क्यों ?

----

## आवागमन की सुविधा

*207 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड में रूस्तमपुर घाट से वीरपुर तक जाने वाली सड़क प्रखंड की मुख्य सड़क है जिससे प्रतिदिन करीब तीस से चालीस हजार की आबादी का पटना आवागमन होता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क रख-रखाव एवं मरम्मत के अभाव में जगह-जगह से टूट गया है और इसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे अक्सर दुर्घटना होती रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर स्थित इस महत्वपूर्ण सड़क को बनावाकर दियारा के लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## विश्रामगृह का निर्माण

*208 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला परिषद का दो कमरे का एक काफी पुराना एवं जर्जर डाकबंगला ककोलत जलप्रपात के समीप ग्राम एकतारा में अवस्थित है ;

(ख) क्या यह सही है कि ककोलत जलप्रपात में पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में आने वाले सैलानियों के रहने के लिए यहां कोई भी विश्राम गृह और अतिथिशाला नहीं है ;

(ग) क्या यह सही है कि सैलानियों के लिए विश्राम गृह का निर्माण कराकर नवादा जिला परिषद के राजस्व में बढ़ोतरी की जा सकती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नागत डाकबंगला परिषद में सैलानियों के लिए मल्टी स्टोरी विश्राम गृह का निर्माण कराना

चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जलकरों का हस्तांतरण

*209 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के ज्ञापांक संख्या-म./ बैठक 3/97-445, दिनांक- 04.03.2002 के द्वारा राज्य के विभिन्न विभागों यथा/मानव संसाधन विभाग (उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा), जल संसाधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग, नगर विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के जलकरों के हस्तांतरण मत्स्य विभाग में करने हेतु पत्र लिखा गया था ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या राज्य सरकार सभी विभागों के नियंत्रणाधीन सभी जलकरों का हस्तांतरण पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*210 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत चौक चामा गोपालपुल मुख्यमंत्री सड़क के बीच पुल क्षतिग्रस्त स्थिति में है, जिसके चलते आवागमन में इस क्षेत्र के जनसाधारण को कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मती

*211 **श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर कार्य प्रमंडल के अंतर्गत अररिया चौक के नजदीक राष्ट्रीय उच्च पथ से लेकर रतुपार-ताजपुर तक जानेवाली ग्रामीण पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ की यह स्थिति पिछले साल बाढ़ग्रस्त होने के कारण हुई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की शीघ्र मरम्मती करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## बीमित राशि का भुगतान

***212 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के शाम्हो अकहा, कुरहा प्रखंड में वर्ष 2016-17 में प्रलयंकारी बाढ़ आने के कारण फसलों की भारी क्षति हुई थी और जिला प्रशासन, बेगूसराय द्वारा कई स्थलों पर कई कैम्पों के माध्यम से राहत केन्द्र चलाए गए थे ;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंण्ड के कृषकों द्वारा फसलों की बीमा की प्रीमियम राशि समय पर जमा की गई थी और किसान क्रेडिट कार्ड भी किसानों ने अद्यतन कराया था, बावजूद इसके आज तक किसानों का वर्ष 2016-17 की बीमित राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह सही है कि किसान विवश होकर पंजाब नेशनल बैंक शाखा, शाम्हो, अकहा, सैदपुर की मनमानी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन विगत एक सप्ताह से कर रहे हैं, बावजूद इसके उनकी मांग अनसुनी की जा रही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों की बीमित राशि के भुगतान का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पुल का निर्माण

***213 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा नगर के मंगर बिगहा-बुधौल पथ में खुरी नदी पर निर्मित पुल घ्वस्त है और किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## कितनी आबादी का भरण-पोषण

***214 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में बड़े पैमाने पर दूध, अंडा, मांस, मछली एवं मुर्गीपालन हो रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि बेहतर पशु संसाधन को विकसित करने हेतु इस संसाधन की जानकारी राज्य स्तर पर रहना आवश्यक है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रदेश के 38 जिलों में दूध, अंडा, मांस, मछली एवं मुर्गीपालन कितना हो रहा है, तथा इससे कितनी आबादी का भरण-पोषण हो रहा है, इसकी जानकारी सदन को देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मखाना का जी. आई. टैग

***215 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मिथिलांचल में बड़े पैमाने पर लोग मखाना का उत्पादन कर अपना जीवनयापन करते हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि "मिथिला का मखाना" के नाम से प्रसिद्ध मखाना का जी.आई. टैग बदलकर " बिहार का मखाना" करने की अनुशंसा सबौर कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा की गई है ;

(ग) क्या यह सही है कि किसी भी वस्तु की क्षेत्रीय पहचान हेतु उसका जी.आई. टैग का होना आवश्यक तथा व्यावहारिक होता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह स्पष्ट करेगी कि मखाना का जी.आई. टैग "मिथिला का मखाना" ही रखा जाएगा तथा उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और होगा तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

***216 श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के रामनगर प्रखंडान्तर्गत पंचायत बगही में ग्राम बहुआ-वखराहां एवं पंचायत सपही के ग्राम चुढ़ीहरवां के बीच सिंधिया नदी में पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है प्रखंड रामनगर की पंचायत बगही के ग्राम बलुआ-वखराहां एवं सिंगाही के बीच सुखौड़ा नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आम जनता अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पर कर आती-जाती है तथा नदी में अधिक पानी होने पर कई दिनों तक आवागमन बंद हो जाता है ;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' एवं 'ख' में वर्णित स्थानों पर पुल का निर्माण हो जाने से पंचायत बगही-नौरंगिया दोन, बनकटवा-करमहिया दोन एवं सपही की आम जनता को आने-जाने में काफी सुविधा होगी ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंधिया नदी एवं सुखौड़ा नदी में आर.सी.सी. पुल का निर्माण जनहित में कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----